मधुबनी जिलान्तर्गत सूरज नारायण सिंह देवनारायण गुड़मौत उच्च विद्यालय-सह-वाटसन इंटर महाविद्यालय, मधुबनी के परिसर में अवस्थित ओडिटोरियम के उत्तर-पूर्व खाली भूखंड पर खेल भवन-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांकः 02.07.2018 को प्राप्त ई0-निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए 21.07.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः

1. **श्री राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक (उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, दरभंगा। — सदस्य

कार्यवाहीः-

मधुबनी जिलान्तर्गत सूरज नारायण सिंह देवनारायण गुड़मौत उच्च विद्यालय-सह-वाटसन इंटर महाविद्यालय के परिसर में अवस्थित ओडिटोरियम के उत्तर-पूर्व खाली भूखंड पर खेल भवन-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से ई0-निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक जागरण" में दिनांक 11.06.2018 को पटना संस्करण में हुई थी, जिसका पी0आर0 सं0-3134(नि0नि0) 2017-18 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि कुल ₹6,61,00,000.00 मात्र एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹6,40,05,000.00 मात्र है तथा अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹5,98,18,122.00 मात्र है।

इस ई0-निविदा में एकमात्र निविदादाता मे0 रूक्मिणी बिल्डटेक प्रा0 लि0, डी0-251/10, तृतीय तल लक्षमीनगर, दिल्ली-92 द्वारा भाग लिया गया हैं। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, दरभंगा द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया। इनका निबंधन संख्या-प्रथम (कंपनी)-46(भवन)/2015 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। इनके द्वारा विद्युत निबंधन से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में नन्-रेस्पाँसिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

अतएव, सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त निविदा के प्रथमवार आमंत्रित होने एवं निविदा में एकमात्र निविदादाता मे0 रूक्मिणी बिल्डटेक प्रा0 लि0, डी0-251/10,

तृतीय तल लक्ष्मीनगर, दिल्ली–92 के असफल होने के कारण वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0–7806, दिनांक: 30.09.2016 के आलोक में उक्त ई0–निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा के पूर्व आपत्ति हेतु दिनांक: 28.07.2018 तक निगम के बेवसाईट पर रखा जाय। आपत्ति की दशा में मुख्य महाप्रबंधक पुन: तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

21/7/18	21-7-18	Tapeshwa 21.07.18	
(सत्येन्द्र कु0 चौधरी)	(रंजित प्र0 सिंह)	(तपेश्वर प्र0 साह)	(राम सागर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (उत्तर),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0यू0, दरभंगा	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।